# प्रेस विज्ञप्ति

## प्रेस कांफ्रेंस : 41वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी चैम्पियनशिप एवं माउण्टेड पुलिस ड्युटी मीट– 2022 का आयोजन सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में।

BSF अकादमी टेकनपुर में दिनाँक 12 नवम्बर 2022 को सुश्री सोनाली मिश्रा, भा०पु०से०, अपर महानिदेशक / निदेशक अकादमी टेकनपुर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन सीमा सुरक्षा बल घुड़सवारी स्कूल में किया गया । यह चैम्पियनशिम दिनाँक 14 से 26 नवम्बर 2022 तक BSF Academy टेकनपुर के घुड़सवारी स्कूल में आयोजित की जाएगी। जिसकी विस्तृत जानकारी महोयदया नें प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा की।

महादेया ने बताया कि BSF को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी All India Police Sports Control Board (AIPSCB) द्वारा दी गई है। इस चैम्पियनशिप में केंद्रीय पुलिस बलों एवं विभिन्न राज्य पुलिस की 18 टीमों के लगभग 300 घोडे. और 600 से ज्यादा घुड़सवार (04 महिलाओं सहित) हिस्सा ले रहे हैं। BSF इस चैम्पियनशिप की मेजबानी 7वीं बार कर रही है और BSF अकादमी ने इस चैम्पियनशिप को सफल बनाने के लिए प्रतिभागियों के लिए उच्च कोटी की रहने व खाने की व्यवस्था की है, जिसके सभी इन्तजाम पूर्ण कर लिए गए हैं।

इसका आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त सीमा सुरक्षा बल के जाने माने घुड़सवार श्री नरेश तेहलान, कमाण्डेण्ट, BSF की देख–रेख में हो रहा है जो एक अनुभवी और परिपक्व अधिकारी और खिलाड़ी हैं जिनके खाते में अनेकों राष्ट्रीय व अन्तर्राष्टीय मेडल हैं।

इस चैम्पियनशिप का उदघाटन 14 नवंबर 2022 को श्री पंकज कुमार सिंह, भा०पु०से०, महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल द्वारा किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने के लिए Equestrian Federation of India (EFI) एवं All India Sports Control Board के द्वारा मान्यता प्राप्त Jury उपस्थित रहेगी। इस चैम्पियनशिप में ड्रेसाज, टेण्ट पेगिंग, शो जम्पिंग, इवेंटिंग आदि कुल 35 रोमांचक प्रतिस्पर्धाएँ आयोजित होंगी।

BSF की केंद्रीय अश्वारोही टीम के गठन का श्रेय श्री के०एस० राठौर, IPS को जाता है, जो कि वर्ष 1974 में 10 घोड़ों के साथ स्थापित किया गया था। BSF टीम की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ निम्नलिखित है :–

| क्र०सं० | स्थल / प्रतियोगिता | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्तर्राष्ट्रीय | 26 | 29 | 19 | 84 |
| 2. | राष्ट्रीय | 62 | 84 | 66 | 212 |
| 3. | अखिल भारतीय पुलिस ईक्वस्ट्रियन मीट | 79 | 65 | 97 | 241 |
| 4. | क्षेत्रीय चैम्पियनशिप | 491 | 577 | 448 | 1516 |
| **5.** | कुल | **658** | **755** | **630** | **2043** |

इस चैम्पियनशिप का समापन समारोह 26 नवंबर 2022 को आयोजित किया जाएगा । यह चैम्पियनशिप सभी जन मानस के देखने के लिए दिनाँक 14 से 26 नवंबर 2022 तक खुली रहेगी।

अतुल 12/11/22

(अतुल यादव) द्वितीय कमान अधिकारी
वास्ते उप महानिरीक्षक, अध्ययन संकाय
सी०सु०बल०, अकादमी टेकनपुर